'बुजुर्गों का सम्मान और आशीर्वाद जरूरी'

कोटा, (निसं)। प्रतीक्षा चैरिटेबल फाउंडेशन ने आदर्श कॉलोनी माला रोड पर आयोजित कार्यक्रम में 31 बुजुर्गों का सम्मान एवं अभिनंदन किया।

वृद्धजन सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पार्षद लव शर्मा ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान एवं आशीर्वाद दोनों ही जरूरी है जो बुजुर्गों का सम्मान करता है उन्हें आशीर्वाद मिलता है जिसके फलस्वरूप ही उन्नति की राह विकसित होती चली जाती है।

शर्मा ने कहा कि प्रतिक्षा चैरिटेबल फाउंडेशन ने वृद्धजनों के सम्मान का जो कार्यक्रम प्रेरणादायी एवं उत्साहवर्धक है। चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा प्रतीक पारीक ने बताया कि चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार स्वतंत्र रूप से कोरोना का हाल से लेकर के अब तक विभिन्न सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखे हुए हैं तथा आगामी समय में भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जावेगा।

पश्चिम मध्य रेल

मुख्य कारखाना प्रबंधक

माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा

संख्याः S-234-3-1-MATMOVEMENT -04 Dated: 21.05.2022

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु.का.प्र. माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते है। **टेण्डर संख्या -S-234-3-1-MATMOVEMENT- 04 Dated: 21.05.2022, कार्य का विवरण**– पश्चिम मध्य रेलवे माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा में इंट्रा एवं इंटर शॉप मटेरियल मूवमेंट एवं हैंडलिंग का कार्य। **मात्रा**– 115200 MAN HRS **अनुमानित लागत रू. में**– **11795328.00, निविदा प्रपत्र राशि रू.में– 0.00, बयाना राशि रू. में– 209000.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि– 12 माह, निविदा बंद व खुलने का समय व तारीख**– बंद 11:30 बजे दिनांक 18/06/2022 व खुलेगी 12:00 बजे दिनांक 18/06/2022, ईनिविदा वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा विवरण मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई निविदा के माध्यम से इसी वेबसाईट पर स्वीकार किये जायेंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/।
मा.डि.म.कारखाना, पमरे, कोटा जं.

कोरोना को है हराना,
तो टीकाकरण जरूर कराना

कोटा के पहलवानों ने शहर का गौरव बढ़ाया

कोटा, (निसं)। भरतपुर में संपन्न हुई राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में कोटा के पहलवानों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक सहित 9 पदक अपने नाम किए जिनमें से दो पहलवानों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। सभी पहलवान कोटा की श्री बजरंग व्यायामशाला में कोच अन्तर्राष्ट्रीय पहलवान रविंद्र कुमार के सानिध्य में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। श्री बजरंग व्यायामशाला के अध्यक्ष माधाराम चौधरी ने बताया कि भरतपुर में 21–22 मई को हुई प्रतियोगिता में फ्री स्टाईल वर्ग में 38 कि.ग्रा. में मनीष गुर्जर ने स्वर्ण, 41 कि.ग्रा. में परमजीत ने रजत, महिला वर्ग में प्रिया शर्मा ने रजत, ग्रीको रोमन में 38 कि.ग्रा. में लोकेश नरवाल ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 40 कि.ग्रा. में परमजीत ने रजत, 48 कि.ग्र. में हरेंद्र ने कांस्य, 52 कि.ग्रा. में रितिका पटूना ने कांस्य, 724 कि.ग्रा. में ओमवीर गुर्जर ने रजत व 85 कि.ग्रा. में समर सिंह ने रजत पदक हासिल किया।

'विद्यार्थियों को ईको फ्रेंडली एवं तनावमुक्त शैक्षणिक वातावरण मिले'

कोटा, (निसं)। कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मानसिक संबल एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा जारी निर्देशों की पालना एवं क्रियान्विती के संबन्ध में मंगलवार को जिला कलक्टर हरिमोहन मीना की अध्यक्षता में यूआईटी ऑडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अतिरिक्त कलेक्टर शहर बृजमोहन बैरवा, उपायुक्त नगर निगम गजेन्द्र सिंह, उप सचिव मोहम्मद ताहिर सहित कोचिंग व हॉस्टल एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं वार्डन उपस्थित रहे।

- **विद्यार्थियों तनावमुक्त शैक्षणिक वातावरण के लिए कार्यशाला आयोजित**

जिला कलेक्टर ने कहा कि कोटा की पहचान शैक्षणिक नगरी के रूप में जानी जाती है। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थान के साथ–साथ हॉस्टल एवं उनमें कार्यरत वार्डन को इस प्रकार से प्रशिक्षित किया जाए कि वे विद्यार्थियों में होने वाले मानसिक तनाव को पहचान सकें। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर समन्वित प्रयास करने होंगे तभी जाकर हम विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को साकार करने में अपनी सहभागिता निभा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का जीवन अमूल्य है और विद्यार्थी ही देश का आने वाला भविष्य है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने नवाचार के तौर पर ऑपरेशन सम्बल अभियान के तहत पात्र लोगों को लाभान्वित करने में कोटा प्रथम रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता से ही प्रशासन कोटा में विभिन्न प्रदेश से आने वाले विद्यार्थियों को इको फ्रेंडली एवं तनावमुक्त शैक्षणिक वातावरण किस प्रकार से मिले इस ओर कदम बढ़ाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न कोचिंग एवं हॉस्टलों में प्रतिमाह मनोरंजक गतिविधियां, स्पोर्टस गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों में मोटिवेशनल कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए जिससे विद्यार्थियों में होने वाले मानसिक तनाव को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा विभिन्न कोचिंग एवं हॉस्टल संस्थानों में लिए जाने वाले शुल्क को लेकर रेंट कानून के तहत जो प्रावधान है उसे अनिवार्य रूप से लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अपने–अपने संस्थानों में प्रशिक्षित मनोचिकित्सक की नियुक्ति की जाए जिससे यदि कोई विद्यार्थी मानसिक तनाव में हो तो उसकी तुरंत काउंसलिंग की जाए एवं उसकी शंका व समस्याओं का समाधान किया जाए।

अतिरिक्त कलक्टर शहर ने कहा कि हम सभी को मिलकर ऐसे सकारात्मक प्रयास करने होंगे जिससे कोटा का नाम शैक्षणिक नगरी के रूप में बरकरार रह सकें।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की भावनाओं के अनुरूप बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रत्येक विद्यार्थी को मिले, ऐसी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा नियुक्त प्रशिक्षित डॉक्टर्स के द्वारा विद्यार्थियों का नियमित चौकअप किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक कोचिंग एवं हॉस्टल में हेल्प डेस्क बनाई जाए और उसमें सभी आवश्यक नम्बर की सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए जिससे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सम्पर्क कर सकें। उन्होंने कहा कि कोचिंग एवं हॉस्टल एसोसिएशन के पदाधिकारी मिलकर ऑनलाईन क्लासेज से अब ऑफलाईन क्लासेज के समय में विद्यार्थी में यदि कोई परिवर्तन आता है या तनाव महसूस करता है तो इसकी प्रभावी रूप से मॉनिटरिंग की जाए।

नगर निगम उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन, कोचिंग संस्थान एवं हॉस्टल एसोसिएशन मिलकर विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण बनाने के आवश्यकता है। हम सभी को विद्यार्थियों को सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना होगा तभी जाकर जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे इस पुनित अभियान की सार्तकता सिद्ध हो सकेगी। कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज के डॉ. विनोद कुमार दंडिया ने पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों में होने वाले मानसिक तनाव एवं उसके रोकथाम के लिए किए जाने वाले प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में आर्ट ऑफ लिविंग के पारस कोहली ने भी विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को कम करने रचानात्मक सुझाव दिए। इस अवसर पर एलन, रेजोनेन्स, मोशन, वाइब्रेन्ट, बंसल व करियर पॉइट सहित विभिन्न हॉस्टलों के प्रतिनिधि एवं वार्डन उपस्थित रहे।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। सिन्धु चिकित्सालय समिति और सिन्धु सोशल सर्किल की ओर से रमेश चंद्र साधवानी की स्मृति में आज सिन्धु चिकित्सालय में निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया जिसमें 469 की जांच करके परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ विनय ग्वालानी, डॉ संगीता जैन, डॉ शैलेन्द्र सिंह तंवर, डॉ डीएस शर्मा, डॉ प्रतीक गुप्ता,डॉ पंकज गुप्ता आदि नेअपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा लू से बचाव के लिए होम्योपैथी की दवाई पिलाई गयी। शिविर में सिन्धु चिकित्सालय समिति के अध्यक्ष अशोक झमटानी, निदेशक किशोर मदनानी, संरक्षक मुरलीधर अलरेजा, उपाध्यक्ष प्रकाशवीर नाथानी, सर्किल संरक्षक पीएल चावला, अध्यक्ष बंसी लाल ससाधवानी, सचिव किशन रतनानी, सिन्धु यूथ सर्किल संरक्षक जितेंद्र साधवानी, राजेन्द्र साधवानी, सर्किल के संस्थापक सचिव गोपाल सपरा, प्रेम भाटिया, रमेश आहूजा, राज ठाकुर, शंकर सुखवानी, भागचंद हेमनानी, मनोहर दयानी, शंकर अम्बवानी सहित महिला सर्किल की अध्यक्ष नीरी भावनानी सहित अन्य सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी।

श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ

कोटा, (निसं)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य निर्यापक मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के सानिध्य में श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में श्रमण संस्कृति पाठशाला परिवार कोटा के सहयोग से संस्कृति गौरव रजत महोत्सव, श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन सम्पूर्ण राजस्थान व आस पास के क्षेत्रों में किया जा रहा है। श्रमण संस्कृति पाठशाला परिवार के अध्यक्ष नरेश जैन वेद ने बताया कि यह शिविर 25 मई से 4 जून 2022 तक आयोजित किया जायेगा। इस शिक्षण शिविर के अन्तर्गत सम्पूर्ण राजस्थान व आस–पास के शहरों व कस्बों में जैन शिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में प्रातः 7.30 से 9 व सायं 7.30 से 9 बजे तक कक्षाऐं लगेगी जिसमें सांगानेर से आये विद्वान धर्म की शिक्षा प्रदान करेंगे।

महामंत्री अजय जैन सीए ने बताया कि कोटा में इस शिविर को प्रमुख विद्वान पं. श्री महेश जी शास्त्री 'सतना' वालों का सानिध्य मिलेंगा। शिविर में सर्वश्रेष्ठ छात्रों को पुरूस्कार भी प्रदान किये जायेंगे। शिविर का उद्घाटन 25 मई 2022 को किया जायेंगा। सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता वालों ने कहा कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रेम बजाज, ध्वजारोहणकर्ता अशोक–मंजू पहाड़िया परिवार, कोटा, चित्र अनावरणकर्ता शकुन्तला पाण्डया, वीरेन्द्र पाण्डया, पाण्डया परिवार, दीप प्रज्जवलनकर्ता बाबूलाल जैन ट्रेड सेंटर बूंदी वाले होंगे, मंगल कलश स्थापना मनोहर लाल जी जैन परिवार इन्द्रा विहार वालों द्वारा की जायेगी। कोषाध्यक्ष पारस जैन ने बताया कि शिविर में शिविरार्थियों को सिद्धांत प्रवेशिका भाग प्रथम द्वितिय, करूणानुयोग भाग 1, तत्वार्थ सूत्र, छहडाला, कल्याण मंदिर स्तोत्र, रत्नकरण्डक श्रावकाचार, द्रव्य संग्रह आदि विषय पढ़ाये जायेंगे। शिविर में सभी छात्रों को अल्पाहर की व्यवस्था भी रखी गई है। शिविर को राजस्थान व कोटा की प्रमुख संस्थाओं का सहयोग मिला है। विनोद जैन टोरड़ी ने बताया ने साधर्मी बंधुओं से इस पुण्य अवसर पर धर्म अर्जन करें, और कहा कि यह शिक्षण शिविर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिये है। इस शिविर से समाज में सभी को संस्कारों की शिक्षा मिलेगी।

फॉलोअप शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत विभागों के लंबित रहे कार्यों एवं पूर्व में अभियान से वंचित रहे ग्रामीणों के कार्य किए जाने के लिए उपखंड क्षेत्र में प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर फॉलोअप शिविर आयोजित किया गया। उपखंड अधिकारी राजेश डागा ने बताया कि फॉलोअप शिविर में खजूरी, बालूहेड़ा, देवली, झालरी ग्राम पंचायत क्षेत्र के राजस्व विभाग से संबंधित 112 प्रकरण निस्तारित किए जिसमें नामान्तकरण के 47, राजस्व अभिलेख और खाता शुद्धीकरण के 9, रास्तों से संबंधित 4 प्रकरण, आपसी सहमति से खाता विभाजन के 6 प्रकरण निस्तारित कर कुल 24 जनों को लाभान्वित किया। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा माधोपुर निवासी मदन मोहन को कान की मशीन उपलब्ध कराकर लाभान्वित किया। विकास अधिकारी जगदीश मीणा ने बताया कि फॉलोअप कैंप के दौरान ग्राम पंचायतों के पंचायती राज विभाग से संबंधित पूर्व में निस्तारित किया गया।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एएक11/विक्रय/2022/7003 दिनांक:-23.5.22

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आवास संख्या 70 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना में हस्तान्तरण दिनांक 23.01.2015 को श्री अंतिम गुप्ता पुत्र स्व. श्री मदनलाल गुप्ता के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री अंतिम गुप्ता पुत्र स्व. श्री मदनलाल गुप्ता द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री नवनीत गुप्ता पुत्र श्री महावीर प्रसाद गुप्ता द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 09.02.2022 को श्रीमती अनिता पंकज पारवानी पत्नी श्री पंकज जेठानन्द पारवानी को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती अनिता पंकज पारवानी पत्नी श्री पंकज जेठानन्द पारवानी द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 70 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती अनिता पंकज पारवानी पत्नी श्री पंकज जेठानन्द पारवानी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2022/556 विज्ञप्ति दिनांक:-16.5.2022

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाड़ी में स्थित कृषि भूमि योजना श्रीकैलाशपुरी खसरा नं. 178 में स्थित भूखंड संख्या बी–99 आवेदक श्री राजेन्द्र प्रकाश शर्मा पुत्र श्री वीरेन्द्र प्रकाश शर्मा एवं श्री तरुण प्रकाश शर्मा व वरुण नारायण सिंह पुत्रान राजेन्द्र प्रकाश शर्मा द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा आदेश क्रमांक 12085 दिनांक 07.05.2012 को श्री विजय लक्ष्मी शर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र प्रकाश शर्मा निवासी बी–99 कैलाशपुरी बालिता रोड कुन्हाड़ी कोटा के नाम जारी किया गया था। पट्टाधारी की प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार 22.05.2021 को हो चुकी है। जिसके विधिक वारिसान राजेन्द्र प्रकाश शर्मा पति, तरुण प्रकाश शर्मा, वरुण नारायण सिंह पुत्र, मोनिका शर्मा पुत्री है। वारिसान मोनिका शर्मा द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 22.11.2021 को आवेदकों के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री राजेन्द्र प्रकाश शर्मा पुत्र श्री वीरेन्द्र प्रकाश शर्मा एवं श्री तरुण प्रकाश शर्मा व वरुण नारायण सिंह पुत्रान राजेन्द्र प्रकाश शर्मा के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2022/589 विज्ञप्ति दिनांक:-24.5.2022

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम भदाना में स्थित कृषि भूमि योजना महावीर कालोनी खसरा नं. 132, नया 96 में स्थित भूखंड संख्या 60–बी आवेदक श्री हंसराज पंकज पुत्र श्री केसरी लाल पंकज निवासी महावीर कालोनी रंगपुर रोड कोटा जं. द्वारा पट्टा जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज में खातेदार रामरतन, बृजमोहन उर्फ मोहन लाल, मदन लाल पिसरान नन्द लाल द्वारा तरसेम सिंह पुत्र श्री प्रितम सिंह को बैचान का मूल इकरारनामा गुम होना बताया गया है जिसकी एफ.आई.आर. क्रमांक 1444311/2022 दिनांक 13.05.2022 को दर्ज करा दी गई है तथा अण्डरटेकिंग शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः मूल इकरारनामा के अभाव में श्री हंसराज पंकज पुत्र श्री केसरी लाल पंकज के पक्ष में पट्टा जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एएक11/विक्रय/2022/1567 दिनांक:-19.5.22

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा की व्यवसायिक योजना नई धानमण्डी के भूखंड संख्या 78 श्री दलीप सिंह चौधरी पुत्र श्री रामनारायण को मंडी कमेटी द्वारा 2700 वर्गफुट क्षेत्रफल दिनांक 28.10.1961 को आवंटन हुआ था जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 02.07.1962 को हो चुकी है। श्री दलीप सिंह चौधरी पुत्र श्री रामनारायण के द्वारा उक्त भूखंड संख्या 78 दिनांक 02.07.1962 से 2700 वर्गफुट क्षेत्रफल श्री गोपीचंद पुत्र श्री राजमल को बैचान किया गया है क्रेता श्री गोपीचंद पुत्र श्री राजमल के पक्ष में विधिवत न्यास में दिनांक 02.07.1979 को नामहस्तान्तरण हो चुका है। श्री गोपीचंद पुत्र श्री राजमल की मृत्यु दिनांक 31.10.2012 को होने से उनके विधिक वारिसानों के द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र, शपथ पत्र, आई.डी. प्रस्तुत कर उक्त भूखंड अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 78 योजना नई धानमण्डी का नाम हस्तान्तरण श्री विजय कुमार झमटानी एवं सन्नी झमटानी पुत्र श्री गोपीचंद के नाम जारी कर दिया जावेगा।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4293 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 24.2.22

आवास संख्या 4–जे–32 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री अरविन्द गुप्ता पुत्र श्री रामस्वरुप गुप्ता को किया गया था। श्री अरविन्द गुप्ता की मृत्यु दिनांक 18.02.1989 को हो जाने के कारण इस आवास का हस्तान्तरण श्रीमती सन्तोष गुप्ता पत्नी स्व. श्री अरविन्द गुप्ता के नाम दिनांक 10.09.1992 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती सन्तोष गुप्ता पत्नी स्व. श्री अरविन्द गुप्ता द्वारा दिनांक 24.02.1994 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। श्रीमती सन्तोष गुप्ता द्वारा इस आवास का बैचान जरिये बयनामा आलेखित कर दिनांक 07.04.2000 को श्री सेवास्टियन पि.सी. पुत्र श्री कुरीयाकोस को किया गया। श्री सेवास्टियन पि.सी. पुत्र श्री कुरीयाकोस द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 08.08.2013 को श्री अमित खण्डेलवाल पुत्र श्री गिर्राज गुप्ता को किया गया। श्री अमित खण्डेलवाल द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 08.04.2015 को श्री अनिल कुमार गुप्ता व श्री प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र श्री भीखा लाल गर्ग को किया गया। श्री प्रमोद कुमार गुप्ता (गर्ग) पुत्र श्री भीखा लाल गर्ग द्वारा इस आवास का उपहार जरिये उपहार पत्र आलेखित कर दिनांक 01.05.2022 को श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री भीखा लाल गर्ग को किया गया। श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री भीखा लाल गर्ग द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में अपने नाम उपहार पत्र के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः इस आवास के मंडल अभिलेख में उपहार पत्र के आधार पर श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री भीखा लाल गर्ग का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास के मंडल अभिलेख में श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री भीखा लाल गर्ग का नाम उपहार पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री भीखा लाल गर्ग का नाम उपहार पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

अपने **म्युचुअल फ़ंड एडवाइज़र** या **डिस्ट्रिब्यूटर** से बात करें और जानें कि आपकी ज़रूरतों के हिसाब से कौन सा म्युचुअल फ़ंड्स सही है.

• विज़िट करें mutualfundssahihai.com

म्युचुअल फ़ंड्स सही है को फ़ॉलो करें यहां:

म्युचुअल फ़ंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें.

MUTUAL FUNDS सही हैं